राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, बुधवार 04 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 147 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### साहस : हाथ में तीर कमान, लाठी डंडा लेकर निडर होकर गांव में कर रही पहरेदारी

# चोरों के आतंक के खिलाफ महिला शक्ति के हाथों कमान

- एक माह से तोपचांची के विभिन्न गांवों में हो रही चोरी की वारदातें

**संवाददाता। तोपचांची**



करीब एक माह से तोपचांची थाना क्षेत्र में चोरों का आंतक बढ़ता जा रहा है जिससे ग्रामीणों में दहशत फ़ैल गया है. गांव की सुरक्षा के लिए अब महिलाएं खुद को "मां दुर्गा" बनकर गांव की पहरेदारी कर रही हैं. चोरों के आतंक से लडने के लिए तैयार है. अब गांव में पुरुष पहरेदारी के बाद नारी शक्ति ने भी गांव की सुरक्षा के लिए कदम बढ़ा दिया है. हाथ में तीर कमान, लाठी डंडा लेकर निडर होकर गांव में पहरेदारी दे रही है. तोपचांची थाना क्षेत्र के प्रधानखंता पंचायत में दर्जनों महिलाओं ने गांव की सुरक्षा का मोर्चा संभाली है. ये महिलाएं साहस का परिचय देते हुए गांव की रक्षा कर रही हैं. वहीं क्षेत्र में विभिन्न गांवों में युवकों की टोली बीते 20 दिनों से लगातार पहरेदारी कर रहे हैं.

### चोरी के खिलाफ में जदयू का थाना गेट पर धरना आज

क्षेत्र में बढ़ते चोरी के मामले को लेकर जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह चार सितंबर यानी बुधवार को तोपचांची थाना गेट के समीप धरना प्रदर्शन करेंगे. शायद यह पहली बार होगा जब कोई नेता क्षेत्र में बढ़ते चोरी की मामले को लेकर तोपचांची थाना गेट के समीप धरना प्रदर्शन करने वाले हैं. मंगलवार को हीरापुर स्थित यूथ फोर्स तोपचांची प्रखंड कार्यालय में धरना प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई गई. जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीपनारायण सिंह ने धरने को सफल बनाने के लिए आवाहन किया. उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता चोरों के आतंक से परेशान हैं. उन्होंने कहा कि स्थानीय पुलिस चोरी के एक भी घटना में उद्भेदन नहीं कर पाई है. मौके पर जदयू नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू नेत्री काजल देवी,जदयू जिला महासचिव संजय दे, संजय पांडेय, संतोष साव, अमित दास, तारा बाबू, केदार सिंह, विजय पांडेय, महेंद्र दास, मंसु कुम्हार, जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, भागवत पांडेय,रवि कुमार दास,रवि मोहाली,कोकिल कुम्हार, दिलीप कुमार सोरेन, पंचानंद गोप, अभिजीत राय, मुकेश कुमार महतो, विक्की कुमार, रमेश कुमार दास, आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### नशे में धुत युवती ने की सार्जेंट से अभद्रता

# वाहन जांच के दौरान नशे में धुत युवती का हंगामा

- पुलिस ने हिरासत में लिया
- मेडिकल जांच के बाद करेगी कार्रवाई

**संवाददाता। धनबाद**



मंगलवार को वाहन जांच अभियान के दौरान नशे में धुत युवती द्वारा ट्रैफिक सार्जेंट से अभद्रता व मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है.मामले को लेकर बताया जाता है कि सरायढेला थाना क्षेत्र के भुईफोड़ - मेमको मार्ग में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था. जांच अभियान के दौरान एक युवती नशे की हालत में धुत थी. जिसके बाद पुलिस ने उसे रोका तो युवती ने सार्जेंट मेजर राकेश सिंह का कॉलर पकड़ा और मारपीट करने लगी. युवती की हरकत को देखकर स्थानीय लोग भी स्तब्ध हो गए .घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई . बाद में युवती को मेडिकल कराने के लिए सरायढेला पुलिस अस्पताल लेकर गई है. जांच के बाद पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करने के मूड में है.

## ब्रीफ खबरें

### नाबालिग के साथ छेड़छाड़ में युवक गया जेल

**मधुबन।** मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखरी बस्ती के रहने वाले दो अलग-अलग समुदाय के प्रेमी जोड़े का प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है. जिसमें लड़की नाबालिग और लड़का बालिग है. किशोरी के पिता ने मंगलवार को मधुबन थाना में लिखित आवेदन दिया है .जिसमे उसने खरखरी बस्ती निवासी मो.सहबाज खान के ऊपर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. मधुबन पुलिस ने मोहम्मद शाहबाज को पोस्को एक्ट के अतिरिक्त कई अन्य धाराओं में कांड संख्या 71 /24 अंकित कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.

### छठ तालाब में मिला युवक का शव

**धनबाद ।** झरिया के जोड़ापोखर थाना अंतर्गत बरारी एक नंबर छठ तालाब में एक युवक का बरमाद मिलने से सनसनी फैल गई. मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने जोड़ापोखर थाने को दी. खबर पाते ही उक्त थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तालाब से शव निकलवाने की प्रक्रिया में जुट गई. स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर शव को बाहर निकाला. शव की शिनाख्त 35 वर्षीय प्रकाश यादव के रूप में हुई है. मृतक डिगावाडीह बारह नंबर का रहने वाला था.

### डीएसई कार्यालय के आरटीई प्रभारी को धमकी

**धनबाद।** डीएसई कार्यालय के आरटीई प्रभारी को दी धमकी दी गई. शिक्षा के अधिकार के तहत बच्चों का नामांकन नहीं लेने की शिकायत पर टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल, सिजुआ के वाइस प्रिंसिपल को फोन किये जाने पर होश में रहकर बात करने एवं टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल, सिजुआ को हलके में न लेने की धमकी देते हुए कॉल काट दिया गया. जिसे लेकर डीएसई कार्यालय के द्वारा बुधवार के 3:00 बजे तक सशरीर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण मांग गया.

### खरखरी कोलियरी के मजदूरों की हाजिरी रोकी

**मधुबन।** गोविंदपुर एरिया तीन के खरखरी कोलियरी भूमिगत खदान में कार्यरत मजदूरों का बीसीसीएल प्रबंधन ने बार फिर मंगलवार को हाजिरी बनाने से रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया. जबकि सोमवार को मजदूर एकता के सामने घुटना टेकते हुए110 कर्मचारियों का महेशपुर और अन्य कोलियरी में स्थानांतरण का अपना फैसला वापस ले लिया है. बीसीसीएल प्रबंधन ने कार्यरत मजदूरों को चेतावनी दी थी कि यदि मजदूर 31 अगस्त तक स्थानांतरण किए हुए स्थान पर अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं करता है तो एक सितंबर से खरखरी कोलियरी में उन्हें हाजिरी बनाने नहीं दिया जाएगा और हाजरी काटा जाएगा को भी वापस ले लिया था परंतु मंगलवार को दूसरी पाली शिफ्ट के मजदूरों खरखरी ऑफिस में अपना हाजरी बनाने पहुंचे तो उन्हें हाजरी बनाने से रोका गया. जबकि बीसीसीएल प्रबंधन ने प्रथम पाली शिफ्ट के मजदूरों को हाजिरी बनाने दिया था. हाजिरी रोके जाने की खबर पाकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन किया.

# खाकी के चेहरे पर सेवाभाव

### व्हाट्सएप नम्बर 9470589467 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, पुलिस करेगी निष्पादन

**संवाददाता। धनबाद**

आमलोगों के पुलिस के सम्बंध को मधुर बनाने सम्बंधित झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश का असर अब होने लगा है. आगामी 10 सितम्बर को धनबाद के अल इकरा कॉलेज में पुलिस पब्लिक संवाद कार्यक्रम होगा. प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से धनबाद एसएसपी हरदीप पी जनार्दनन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में डजीपी या स्वंय मुख्यमंत्री ऑन लाइन जुड़ सकते हैं. इसमे आम लोग अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की सभी समस्या एवं उनसे जुड़ी सामाजिक समस्याओं को आसानी से दूर करवाना एवं पुलिस को पीपुल फ्रेंडली बनाना है. बारी- बारी से शहरी और ग्रामीण इलाकों में कैंप लगाया जाएगा. इस जगह पर जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे. यहां लोग अपनी शिकायत को फिजिकली एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी कर दर्ज करा सकेंगे. सोशल मीडिया के मामले में 15 दिनों में उसकी जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करनी है.आम लोग व्हाट्सएप नम्बर 9470589467 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे.इस पर आपको रिप्लाई भी मिलेगा. वहीं 112 से जुड़ी जानकारी,नए अपराध कानून की जानकारी दी जाएगी. साईबर क्राइम से बचने की जानकारी दी भी जाएगी1 मानव तस्करी,प्रताड़ना,चिटफंड कंपनी,नशाखोरी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी. पुलिस और आम लोगों के बीच बढ़ रही दूरी को खत्म कर मधुर सम्बंध बनाने पर जोर दिया जाएगा.



## सुरक्षित-भयमुक्त माहौल में कारोबार की कवायद

- एसएसपी व चैंबर पदाधिकारियों के बीच बैठक
- शहर की सड़कों पर सीसीटीवी लगाने को डीसी से मिलेंगे व्यापारी
- चैंबर की तरफ से गश्ती के लिए दी जाएगी एक बाइक

**धनबाद ।** व्यापारी सुरक्षित और भयमुक्त माहौल में व्यापार कर सके इसे लेकर धनबाद पुलिस कई नए तरीके पर जोर दे रही है. इसी मामले में मंगलवार को एसएसपी एचपी जनार्दनन ने समाहरणालय सभागार में जिला चेम्बर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ बैठक की. जिसमे जिले की विधि व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा की साथ ही व्यापारियों की समस्याओं को भी सुना.बैठक में जिला चेम्बर के पदाधिकारियों के अलावे जिले के सभी 56 चेम्बर के प्रतिनिधि उपस्थित हुए. बैठक में एसएसपी ने जिला चेम्बर के समक्ष सभी 56 चेम्बर से एक-एक बाइक का सहयोग मांगा ताकि उनके क्षेत्र में बेहतर ढंग से पेट्रोलिंग हो सके और अपराध पर अंकुश लग सके. इसके अलावे प्रत्येक दुकान में दो सीसीटीवी कैमरा एक दुकान के अंदर और एक बाहर इंस्टॉल करने के निर्देश दिए इसके अलावे तकनीकी को बढ़ाने की दिशा में कैश काउंटर के पास मोशन सेंसर लगाने का भी सुझाव दिया. इसके अलावे किसी तरह के अपराध होने पर पुलिस की मदद लेने के लिए डायल नंबर 112 एवं साइबर अपराध की समस्या पर डायल नंबर 1930 की उपयोगिता से भी रूबरू कराया. जिला चेम्बर की ओर से बैठक में पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए एक बाइक देने की घोषणा जिला अध्यक्ष के द्वारा की गई. साथ ही सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए डीएमएफटी फंड से उपलब्ध हो, इसकी मांग आगे उपायुक्त से वार्ता कर चेम्बर करेगा.

### तोपचांची के बिरहोर गांव चलकरी में पहुंची सरकार

# उपायुक्त माधवी मिश्रा ने किया शिविर आपके द्वार का उद्घाटन

**संवाददाता। तोपचांची**

मंगलवार को तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत के बिरहोर प्रजाति के गांव चलकरी में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा पहुंचीं. कार्यक्रम के दौरान तेज बारिश के बीच उपायुक्त माधवी मिश्रा ने आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना एवं निदान करने के लिए कर्मियों को निर्देश दिया.

उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि सरकार की कई योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को नहीं होने के कारण वे योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं. ₹सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी पंचायतों में शिविर लगाए जा रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और चेक वितरित किए.



### प्रखंड सांख्यिकी प्रभारी को लगाई फटकार

तेज बारिश के बीच उपायुक्त ने शिविर में लगे कांउटर का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जन्म मृत्यु निबंधन के कांउटर में आवेदन लेकर खड़ी महिलाओं ने शिकायत करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से मृत्यु प्रमाणपत्र को लेकर आवेदन जमा किया गया है लेकिन काम नहीं हुआ है. साथ ही पेंशन का भी काम नहीं हुआ है. उन्होंने प्रखंड सांख्यिकी प्रभारी को फटकार लगाई और लंबित कार्यों को जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया. मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद,सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नियाज़ अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, अंचलाधिकारी संजय कुमार सिंह,विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी,पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी,कनक कांति मेहता,महेंद्र रवानी,समेत कई मोजूद थे.

# बीपीएल कोटे के तहत स्कूलों में नामांकन की होगी जांच

**संवाददाता। धनबाद**

बीपीएल के तहत निजी स्कूलों में नामांकन में अभिभावक से शिकायत मिली के बाद डीएसई आयुष कुमार ने जांच के निर्देश दिए हैं. डीएवी स्कूल कोयला नगर, डीएवी स्कूल जामाडोबा, डीएवी स्कूल अलकुसा में जांच के निर्देश जारी कर दिया गया है. जिला कार्यालय को प्राप्त एक शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि स्कूल में एडमिशन के लिए ऑनलाइन डिवाइस में छेड़छाड़ करके स्कूल से घर की दूरी को कम कर दिया गया है. इस मामले में जिला कार्यालय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ऑनलाइन डिवाइस का उपयोग करके प्रत्येक विद्यार्थी के घर से स्कूल की दूरी की जांच करें और वास्तविक दूरी के आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें. इस मामले में जिला कार्यालय ने सख्ती से कहा है कि जांच रिपोर्ट एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत की जानी चाहिए. आरोप है कि स्कूल के अधिकारियों ने नामांकन के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के घर से स्कूल की दूरी को कम कर दिया है. इस मामले में जिला कार्यालय ने सख्ती से कहा है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

### डीएसई ने 16 निजी स्कूलों से मांगा स्पष्टीकरण

**धनबाद।** डीएसई ने निजी स्कूलों में बीपीएल के तहत सीटों की कमी के संबंध में 16 निजी स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा है. आरोप है कि इन स्कूलों ने बीपीएल के तहत सीटें आवंटित नहीं की हैं, जो कि सरकारी नियमों का उल्लंघन है.

# अवैध कोयला लदा चार ट्रक जब्त

### झरिया, केंदुआडीह, तथा गोविंदपुर से लोड हुआ था कोयला

**खास बातें**

- वाहन छोड़कर फरार हो गए दो ट्रक के चालक-खलासी
- एफआइआर दर्ज कर छानबीन में जुटी पुलिस

**संवाददाता। तोपचांची**

तोपचांची थाना क्षेत्र के साहूबहियार गांव के समीप नेशनल हाइवे पर सोमवार की देर रात तोपचांची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पांच अवैध कोयला लदे ट्रक को पकड़ा. पकड़े गए सभी ट्रकों में झरिया ,केंदूवाडीह,तथा गोविंदपुर इलाके के अवैध कोयला डिपो में कोयला लाद कर बनारस ले जाया जा रहा था. पुलिस को सूचना मिली थी की करीब



13 अवैध कोयला लदे ट्रक नेशनल हाइवे के रास्ते बनारस की मंडी भेजा जा रहा है. सूचना के बाद पुलिस ने नेशनल हाइवे पर वाहनों का जांच पड़ताल शुरू कर दी. रात करीब साढ़े दस बजे साहुबहियार के पास पेट्रोल पंप के समीप जांच के दौरान पुलिस पांच ट्रक को पकड़ा लिया पुलिस को दो ट्रक के चालक तथा खलासी मौके से फरार हो गए जबकि दो ट्रक के चालक तथा एक खलासी को पुलिस ने पकड़ लिया. जांच के बाद एक ट्रक का कागजात सही पाने पर पुलिस ने ट्रक को छोड़ दिया . पुलिस द्वारा पकड़े गए चालक में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला के नौवागढ़ निवासी अशफाक अहमद ,गाजीपुर जिला के जहागंज निवासी मनोज यादव, गाजीपुर जिला के भातौली निवासी शामिल है. पुलिस इन लोगों के अलावा एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है.

> पांच अवैध कोयला लदे ट्रक को पकड़ा गया था एक का कागजात सही पाने पर छोड़ दिया गया अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है. डोमन रजक
> **थाना प्रभारी तोपचांची**

# बाइक चोर गिरोह के चार धराए, तीन बाइक बरामद

**संवाददाता। बरवाअड्डा**

बरवाअड्डा पुलिस ने सोमवार दर रात बरवाअड्डा क्षेत्र के बजरंग बिहार कॉलोनी में छापेमारी कर रवि सिंह के घर से चोरी हुई तीन बाइक बरामद लिया है. बाइक चोरी के गिरोह में शामिल चार लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं को देखते हुए वरीय पुलिस के निर्देश पर बाइक चोरी पर अंकुश लगाने के लिए इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज के नेतृत्व में बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि और थाना के पदाधिकारी की एक टीम गठन कर सोमवार देर रात बजरंज बिहार कॉलोनी स्थित रवि सिंह के बरवाअड्डा स्थित घर में छापेमारी की. पुलिस ने रवि के घर के अन्दर के कमरे में छिपा कर रखे तीन चोरी की बाइक बरामद किया. रवि सिंह की निशानदेही पर उसका सहयोग मोहम्मद जाकिर आलम ( न्यू इस्लामपुर) व मोहम्मद दानीश (पांडरपाला) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी रवि सिंह के पिता रमेश सिंह को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार रवि सिंह बाइक चोरी कर अपने घर में चोरी का बाइक छिपा कर रखता था. ग्राहक सेट होने बाइक बेच देता था.चोरी की बाइक बेचने से पहले ही पुलिस के हाथों पकड़े गये. बरामद बाइक में से एक बाइक बरवाअड्डा सि्थत प्रकाश होटक और बाइक असर्फी हॉस्पिटल के पास से चोरी हुई थी.डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं.

### अपराध : दोनों बहनों की कमर में बंधे थे पत्थर, दो दिनों से गायब थी दोनों बहनें

# दो जनजातीय बहनों की कुएं में मिली लाश, हत्या की आशंका

**संवाददाता। टुंडी**

पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के महुआढाब के पास एक सिंचाई कुप से दो युवती की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई. युवतियों की शिनाख्त प्रमिला व उर्मिला के रूप में हुई है. दोनों शीतलपुर गांव के कोल्हरिया टोला के रहने वाली है. रविवार से ही शीतलपुर कोल्हरिया टोला के निवासी तिलक कोल की विवाहित पुत्री प्रमिला देवी व उसकी सगी बहन उर्मिला कुमारी घर से गायब थी. गायब होने की शिकायत स्वजनों ने मनियाडीह थाना में नहीं की थी, बल्की अपने स्तर से खोजबीन कर रहे थे. इधर चिंता में डूबे स्वजनों को गायब बेटियों को लेकर सुझबुझ नहीं रही थी. मंगलवार को देर शाम मछली पकड़कर लौट रहे कुछ लोगों की नजर सिंचाई कूप पर पड़ी तो लाश देखकर अवाक रह गए. लाश की जानकारी देखते ही देखते चारों तरफ़ फैल गई. लाश की खबर पाकर स्वजन भी पहुंचे व पहचान की. जानकारी मिलने पर मनियाडीह थानेदार शिव कुमार भी दलबल के साथ पहुंचे व कुंआ से लाशों को निकाला गया. पड़ोसियों का कहना है कि प्रमिला देवी की तीन महीने पहले देवघर में शादी हुई थी व एक सप्ताह पहले अपने मायके शीतलपुर गांव लौटी थी जबकि दूसरी बहन मनियाडीह मध्य विद्यालय के अष्टम की छात्रा थी.मनियाडीह थानेदार शिव कुमार ने बताया कि दोनों सगी बहनों की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया गया है. पुलिस के मुताबिक मृतिका के पिता अक्सर शराब पीकर घर में झगड़ा झंझट गाली गलौज करने की बात सामने आ रही है. वैसे दोनों बहनें कुंआ में कैसे डुबी, यह जांच का विषय है. पुलिस भी इस दानों बहनों की मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई हैं. प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि दोनों बहनों की कमर में पत्थर बांधा हुआ था. इस कारण ग्रामीणों ने हत्या की भी आशंका जताई है. इसलिए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों लाशें को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. इधर इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा है.पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता ने अभी तक किसी के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया है. घटना के बाद झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने टुंडी अंचलाधिकारी जितेन्द्र प्रसाद से बातचीत कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है. टुंडी अंचलाधिकारी जितेन्द्र प्रसाद ने बताया की घटना की जानकारी मिली है, संबंधित राजस्व कर्मचारी को जांच रिपोर्ट जल्द देने का निर्देश दिया है.

### जमीन विवाद में सगे भाई की हत्या

**जमुआ।** जमुआ थाना क्षेत्र के बाड़ाडीह में मंगलवार को सहोदर भाई ने लोहे के रड से मारकर अपने ही भाई को गंभीर रूप से घायल कर दिया. जमुआ पुलिस घटना स्थल पर पहुंच घायल को इलाज के लिए गिरिडीह भेज दिया. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि आपसी बंटवारा होने पर दोनों भाइयों में विवाद हुआ था. 40 वर्षीय ताजू अंसारी के भाई कयूम अंसारी ने बताया कि वे लोग चार भाई हैं. बड़े भाई ने मौखिक बंटवारा किया था. इस बंटवारे के बाद ताजू अपने हिस्से पर दीवार दे रहा था जिसका पहले विरोध किया गया. इस बीच मंगलवार की सुबह जब ताजू शौच जा रहा था तो उस पर भाई अयूब ने जानलेवा हमला कर दिया था. इस घटना में ताजू गंभीर रूप से घायल हो गया. ताजू को सदर अस्पताल लाया गया. यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी ने बताया कि बंटवारा को लेकर सगा भाई अयूब ने रॉड से मार कर जख्मी कर दिया था. डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### जालसाजी के आरोपी को तीन वर्ष कैद

**धनबाद।** जालसाजी कर पिकअप वैन को बेच देने के एक मामले में मंगलवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने सहायक लोक अभियोजक उमेश दीक्षित की दलील सुनने के बाद आरोपी महुदा बस्ती निवासी सिराजुद्दीन अंसारी को तीन वर्ष की कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. प्राथमिकी महुदा निवासी मालती देवी के शिकायत पर 15 नवंबर 20 को दर्ज की गई थी.

### राधा स्वामी सत्संग से जुड़े पंचायत संयोजकों की बैठक

**महुदा।** राधा स्वामी सत्संग से जुड़ें पंचायत संयोजकों की बैठक मंगलवार को महुदा के ब्रहमबाबा मंदिर परिसर स्थित सामुदायिक भवन में हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक दीपनारायण शर्मा ने की.